**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित डा० मान सिंह यादव, मा० सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं०-11 का उत्तर।**

| प्रश्न | | | उत्तर |
|---|---|---|---|
| **11 (क)** | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि लखनऊजिले के बाहर से नौकरी करने वाले राज्य कर्मचारियों के लिए पिछली बार कब और कौन-कौन सी राज्य सम्पत्ति विभाग द्वारा आवासीय कालोनियॉ बनाई गयी थी ? | - | राज्य सम्पत्ति विभाग द्वारा वर्ष-1997 में अन्तिम बार विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में कुल 212 आवासों की नई राजकीय कालोनी का निर्माण कराया गया था। |
| **(ख)** | कर्मचारियों/अधिकारियों की वर्तमान में आवासीय जरूरतों को देखते हुए कितनी आवासीय कालोनियॉ बनाने का प्रस्ताव है ? | - | कर्मचारियों/अधिकारियों की आवासीय जरूरतों को देखते हुए राज्य सम्पत्ति विभाग की पूर्व से विद्यमान कालोनियों में जर्जर तथा असुरक्षित/निष्प्रयोज्य घोषित आवासों के स्थान पर तथा कालोनी परिसर में उपलब्ध भूमि पर नए आवासों का निर्माण कराया गया है, जिनमें महानगर में श्रेणी-2 के 96 एवं श्रेणी-3 के 96 आवासों के 02 बहुखण्डीय भवन, राजकीय कालोनी बादशाह नगर परिसर में श्रेणी-3 के कुल 44 आवासों के 03 बहुखण्डीय भवन का निर्माण एवं बटलर पैलेस कालोनी आवासीय परिसर में श्रेणी-5 के कुल 96 आवासों के 02 बहुखण्डीय भवन सम्मिलित हैं।<br><br>महानगर सचिवालय कालोनी (सी-ब्लाक) के 16 जीर्णशीर्ण आवासों के स्थान पर श्रेणी-2 के 48 तथा श्रेणी-3 के 24 आवास अर्थात कुल 72 आवासों के 02 बहुखण्डीय भवन तथा पुरानी ड्राईवर कालोनी, डालीबाग के 34 जीर्णशीर्ण आवासों के स्थान पर श्रेणी-2 के 44 आवासों के 01 बहुखण्डीय भवन का निर्माण कराया जा रहा है।<br><br>उक्त के अतिरिक्त राजकीय कालोनी बादशाह नगर के 85 जीर्णशीर्ण आवासों के स्थान पर श्रेणी-2 के 216 आवास तथा श्रेणी-3 के 54 आवास अर्थात कुल 270 आवासों के 04 बहुखण्डीय भवन, सचिवालय कालोनी महानगर, |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | छन्नीलाल चौराहे के निकट श्रेणी-4 के 05 जीर्णशीर्ण आवासों के स्थान पर श्रेणी-6 के 08 नए डुप्लेक्स आवासों का निर्माण, विधायक निवास-3 (ओ०सी०आर०) परिसर में अवस्थित पुराने 18 एम०एल०ए० सूट तथा चतुर्थ श्रेणी के 41 पुराने जीर्णशीर्ण आवास तथा पी०ए०सी० बैरेक को ध्वस्त कर उसके स्थान पर श्रेणी-3 के 88 आवासों का नया बहुखण्डीय भवन तथा राजकीय कालोनीगुलिस्तॉ परिसर में उपलब्ध भूमि पर टाईप-4 के 32 आवासों का 01 बहुखण्डीय भवन बनाने का प्रस्ताव है। |
| **(ग)** | उक्त नई कालोनियों कब तक बन कर तैयार हो जायेगी ? | - | यथा समय। |
| **(घ)** | यदि नहीं, तो क्यों ? | - | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री।